आकाशवाणी केन्द्र शिमला

09.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 920बजे

प्रधानमंत्री–दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री कुल्लू, चंबा और मंडी जिलों के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे और कांगड़ा जिला में राज्य सरकार के साथ एक समीक्षा बैठक करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हिमाचल दौरे को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और धर्मशाला व इसके आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद कर दी गई है। गग्गल हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और मंत्रिमण्डल के सदस्य मौजूद रहेंगे। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल में आपदा से हुए नुकसान को लेकर धर्मशाला में राज्य सरकार के साथ एक समीक्षा बैठक भी करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ होने वाली इस बैठक में राज्य सरकार की तरफ से आपदा को लेकर विस्तृत प्रेजेंटेशन दी जाएगी ताकि प्रदेश को आपदा राहत पैकेज मिल सके।

उपराष्ट्रपति चुनाव

उपराष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए आज मतदान होगा। इस चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उम्मीदवार महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का मुकाबला इंडिया ब्लॉक के प्रत्याशी उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायधीश बी. सुदर्शन रेड्डी से होगा।

हर्ष महाजन

राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने कल नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच एक सौ 54ए पठानकोट–चंबा–भरमौर मार्ग के बारे में विस्तृत चर्चा की। केंद्रीय मंत्री ने इस संबंध में अधिकारियों से पूरा जायज़ा लिया और साथ ही इस मार्ग को पूरी तरह दुरूस्त करने के आदेश दिए। कल 10 सितंबर को इस बारे आधिकारिक रूप से बैठक ली जाएगी और मंत्रालय के अधिकारियों को उन्होंने इसकी रिपार्ट पेश करने के निर्देश दिए।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। बारिश का दौर थमने के बाद आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाए जा रहे हैं। भारी वर्षा व भू–स्खलन के चलते राज्य में अभी भी 3 राष्ट्रीय उच्च मार्गों और 7 सौ 44 सड़कें यातायात के

लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 9 सौ 59 बिजली ट्रांसफार्मर जबकि 4 सौ 72 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान प्रदेश में मौसम के साफ बने रहने की सम्भावना जताई है।

इसी बीच कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल के घाटू में बीती रात हुए भूस्खलन की घटना में 4 लोग लापता है जबकि एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है और तीन अन्य घायल हैं।

कुल्लू जिला के निरमंड उपमंडल में घाटू गांव में बीती रात हुई भूस्खलन की एक घटना में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, तीन लोग घायल हो गए हैं जबकि चार लोग लापता बताए जा रहे हैं। लापता लोगों की तलाश के लिए घटनास्थल पर प्रशासन द्वारा बचाव अभियान शुरू किया गया है। वहीं बीती देर शाम कुल्लू के कुछ भागों में जोरदार बारिश हुई। उधर कुल्लू के शिल्लीराज गिरि पंचायत के शगाड़ गांव में बादल फटने से नाले का जलस्तर बढ़ गया, जिसके चलते लोगों के खेत खलियानों को काफी नुकसान पहुंचा है।

जीएसटी

वस्तु और सेवा कर यानी जी.एस.टी. की दरों में हाल ही में किए गए सुधार आगामी 22 सितम्बर से लागू होंगे। नई जी.एस.टी. दरों का चिकित्सा क्षेत्र पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। शल्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा और पशु चिकित्सा सहित सभी चिकित्सा उपकरणों पर जी.एस.टी. की दरें घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। पट्टियों, डायग्नॉस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरणों पर भी जी.एस.टी. दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसके अलावा, 33 जीवन रक्षक दवाओं पर कोई जी.एस.टी. लागू नहीं होगा। कैंसर और गंभीर बीमारियों से जुड़ी तीन महत्वपूर्ण दवाओं को भी जी.एस.टी. से मुक्त रखा गया है। एम्बुलेंस और एम्बुलेंस की फिटिंग, फर्नीचर और चिकित्सा सहायक उपकरणों वाले मोटर वाहनों पर अब 18 प्रतिशत जी.एस.टी. लगेगा।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

अमर उजाला की सुर्खी है हिमाचल का दर्द बांटने आज आएंगे मोदी, राहत पैकेज की उम्मीद। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं गगल एयरपोर्ट पर ही सीएम संग मीटिंग करेंगे प्रधानमंत्री।

पंजाब केसरी की एक खबर है कर्मचारियों के विरोध के बाद हाइएस्ट ग्रेड पे वापस लेने की अधिसूचना स्थगित। दैनिक जागरण के अनुसार कर्मचारियों के वेतन में नहीं होगी कटौती, आदेश पर रोक।

7 वर्षों में राज्य में 148 बार बादल फटने की घटनाएं शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट में राज्य आपदा प्रबंधन का खुलासा।